प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
**Department of Communication,** Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

26 फरवरी 2021

## भारतीय रिज़र्व बैंक ने उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण के मार्च 2021 के दौर की शुरुआत की

भारतीय रिज़र्व बैंक नियमित रूप से उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण करा रहा है। अब इस सर्वेक्षण के मार्च 2021 दौर की शुरुआत हो रही है। इस सर्वेक्षण में परिवारों से सामान्य आर्थिक परिस्थितियों, रोज़गार परिदृश्य, मूल्य स्तर, परिवारों की आय और व्यय पर उनके मनोभाव के संबंध में गुणात्मक प्रतिक्रिया ली जाती है। यह सर्वेक्षण नियमित रूप से 13 शहरों अर्थात् अहमदाबाद, बेंगलुरु, भोपाल, चेन्नै, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, पटना और तिरुवनंतपुरम में कराया जाता है। इस सर्वेक्षण में 13 शहरों के लगभग 5,400 प्रतिक्रियादाताओं को शामिल किया जाता है। इस सर्वेक्षण के परिणाम मौद्रिक नीति के लिए उपयोगी सूचना उपलब्ध करते हैं।

मेसर्स हंसा रिसर्च ग्रुप प्रा. लिमिटेड, मुंबई नामक एजेंसी को भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से सर्वेक्षण के इस दौर को आमने-सामने साक्षात्कार द्वारा करने का कार्य सौंपा गया हैं। इस प्रयोजन के लिए उक्त एजेंसी परिवारों से संपर्क करेगी तथा चयनित परिवारों से अपनी प्रतिक्रिया देने का अनुरोध किया जाता है। ऐसे व्यक्ति भी लिंक की हुई सर्वेक्षण सूची का प्रयोग कर अपनी प्रतिक्रिया देकर इस सर्वेक्षण में भाग ले सकते हैं जिनसे एजेंसी द्वारा संपर्क नहीं किया गया। भरी गई सर्वेक्षण सूची को निम्नलिखित संपर्क ब्योरे के अनुसार ई-मेल द्वारा भेजा जा सकता है। इस संबंध में किसी प्रकार की पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया निम्नलिखित पते पर संपर्क करें:

निदेशक,
परिवार सर्वेक्षण प्रभाग,
सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग,
भारतीय रिज़र्व बैंक, सी-8, दूसरी मंज़िल,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051;
फोन : 022-2657 8398, 022-2657 8520;
कृपया ई-मेल भेजने के लिए यहां क्लिक करें ।

**अजीत प्रसाद**
निदेशक

**प्रेस प्रकाशनी: 2020-2021/1163**